an>

Title: Regarding 'Walk of Hope: by Sri M (Sri Madhukarnath Ji).

श्री गणेश सिंह (सतना) : उपाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान एक आशा यात्रा, जो कन्याकुमारी से शुरू हुई है और कश्मीर तक जाने वाली है, उसकी ओर दिलाना चाहता हूँ। देश में शान्ति एवं सद्भाव को लेकर श्री एम, जो कि एक मुस्लिम परिवार में 6 नवम्बर, 1948 को तिरुवनंतपुरम में जन्मे थे, वे एक आध्यात्मिक गुरू, समाज सुधारक व शिक्षाविद् हैं। वे 19 वर्ष की अवस्था में योगी हो गये थे, उन्होंने हिमालय में तप किया। उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 7500 किलोमीटर की पदयात्रा 12 जनवरी, 2015 को शुरू की है, जो 18 माह में पूरी होगी। इस यात्रा का नाम आशा यात्रा है, जो देश में 11 राज्यों से गुजरेगी। इस यात्रा का जगह-जगह अत्यन्त स्वागत हो रहा है और सभी धर्मों के लोग उन्हें मिल रहे हैं।

एक तरफ विपक्ष देश में असहिष्णुता फैल रही है, ऐसा दुप्रचार करने में लगा हुआ है। ऐसे समय में श्री एम जी ने सर्वधर्म समभाव का तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाये जा रहे अखण्ड भारत - स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत - शिक्षित भारत, बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ का संदेश लेकर राष्ट्रव्यापी आशा यात्रा कर रहे हैं। मैं उनको सफल यात्रा की शुभकामनाएं देता हूं और संसद से भी ऐसी यात्रा के बारे में मैं चाहूंगा कि अपनी शुभकामनाएं दे। धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members

Shri Arjun Ram Meghwal,

Shri Subhash Chandra Baheriya,

Dr. Kirit P. Solanki and

Shri Bhairon Prasad Mishra are allowed to associate with the 'Zero Hour' issue raised by Shri Ganesh Singh.